हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

10 गैस सिलेंडर के लिए पूरा दिन लाइन में लग रहे लोग



12 जलभराव से निपटने को साढ़े 66 करोड़ की बनी योजना



बसंत विहार की गली नं. 8 में वारदात

## दिनदहाड़े शिक्षिका के गले से चेन झपट ले गए बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के बसंत विहार में दिन दहाड़े स्नेचिंग की वारदात हो गई। बाइक सवार बदमाश एक शिक्षिका के गले से सोने की चेन झपट ले गए। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात बसंत विहार की निवासी संतोष कुमारी के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमारी सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं। शुक्रवार को स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थी। जब बसंत विहार की गली नम्बर आठ में मुड़ी तो सामने से एक बाइक आई। बाइक पर दो युवक सवार थे। शातिरों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर चेन खींच ली और फरार हो गए। शिक्षिका ने शोर मचाया लेकिन शातिर भाग चुके थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शिक्षिका की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

■ सरकारी स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थीं

## रोहिल्ला ने फिर संभाला ईओ का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

संजय रोहिल्ला ने एक बार फिर नगर परिषद बहादुरगढ़ में कार्यकारी अधिकारी का दायित्व संभाला है, जबकि अरुण नांदल का रेवाड़ी नगर परिषद के ईओ के तौर पर ट्रांसफर हो गया। नप के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। जबकि संजय रोहिल्ला का स्वागत किया। भाजपा नेता जसबीर सैनी समेत अनेक नेताओं ने भी संजय रोहिल्ला ईओ का चार्ज दोबारा संभालने पर बधाई दी।



## खेल-खेल में गले में फंसी रस्सी, 12 वर्षीय बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ विकास नगर निवासी माता-पिता काम पर गए थे, पीछे से घर में दो बेटियां अकेली थीं

लाइनपार के विकास नगर में दर्दनाक घटना हो गई। यहां खेल-खेल में एक बच्ची की गर्दन रस्सी में उलझ गई। गर्दन सहित अन्य हिस्सों में चोट लगने के कारण उसकी जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का एक परिवार यहां विकास नगर में रहता है। वीरवार को पति-पत्नी काम पर गए हुए थे। पीछे से घर में दो बेटियां अकेली थी। बताते हैं कि शाम को 12 वर्षीय छोटी बेटी छत पर खेल रही थी। इस दौरान वह सीढ़ियों में गिर गई और वहां एक रस्सी उसकी गर्दन में उलझ गई। उसे काफी चोट आई। कुछ देर बाद जब परिजन आए तो वह बेसुध थी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दी। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई।

## 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

■ गांव दरियापुर के पास से गुजर रही माइनर में हुआ हादसा, शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव दरियापुर से गुजर रही माइनर में डूबे बालक का शव देर रात को बरामद हुआ। शुक्रवार को पुलिस ने बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। मृतक की पहचान करीब 15 वर्षीय देवांश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वीरवार को वह घर से बाहर निकला था और माइनर पर पहुंचा। संभवतः पांव फिसलने से डूब गया। पुलिस व गोताखोरों की मदद से कुछ घंटे बाद उसका शव बरामद किया जा सका था। पुलिस के बयान पर पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।






## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी काटने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि झज्जर क्षेत्र में बगैर लाइसेंस व तय प्रक्रिया पूरी किए अवैध कॉलोनी काटे जाने के मामले में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि झज्जर क्षेत्र के किला नंबर 184//22/2, 192//3/1 में कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना लाइसेंस के प्लाट बिक्री की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि उक्त खसरा नंबरों से जुड़े किसी भी प्रकार के सेल-डीड, एग्रीमेंट टू सेल, पावर ऑफ अटॉर्नी या फुल पेमेंट एग्रीमेंट को रजिस्टर्ड करने पर रोक लगाई गई है। डीटीपी विभाग के अनुसार उक्त मामले में न तो विभाग से कोई लाइसेंस, सीएलयू और न ही एनओसी प्राप्त की गई है।

### पाहसोर मोड़ के पास से 15 भेड़ चोरी

**बहादुरगढ़।** बढ़ती वारदातों के बीच पशु भी सुरक्षित नहीं हैं। पाहसोर मोड़ के निकट से 15 भेड़ चोरी हो गई। पशु मालिकों की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। राजस्थान के जालोर के निवासी प्रेमाराम का कहना है कि वे भेड़-बकरियां चराते हैं। इन दिनों बादली के आसपास ठहरे हुए हैं। शुक्रवार की अल सुबह जब पाहसोर मोड़ के निकट सो रहे थे तो अज्ञात लोग हमारी 15 भेड़ चुरा ले गए। इस शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दीवान गेट क्षेत्र से बाइक ले उड़े चोर

**झज्जर।** शहर के दीवान गेट क्षेत्र से घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में राकेश बंसल ने बताया कि वह पंसारी वाली गली दीवान गेट में रहता है। उसने अपनी बाइक बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे घर के सामने गली में खड़ी की थी। सुबह जब उसने उठकर घर से बाहर निकलकर देखा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। उसने अपने स्तर पर बाइक की तलाश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर चोरी के प्रयास का आरोपी मौके पर पकड़ा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भिंडावास में एक व्यक्ति पर ट्रैक्टर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में कुलदीप पुत्र ताराचंद ने बताया कि वह जब बुधवार की रात घर पर सो रहा था तो रात करीब बारह बजे जब उसने कुछ आहट सुनी तो उठकर देखा। कुलदीप के अनुसार उसने देखा कि एक व्यक्ति उसके ट्रैक्टर को चाबी लगाकर चोरी करने का प्रयास कर रहा है। जब उसने शोर मचाया तो वह व्यक्ति दीवार फांदकर भागने लगा। कुलदीप के अनुसार उसने उस व्यक्ति के पैर पकड़कर उसे नीचे गिरा लिया और अपने परिजनों को आवाज दी। जब व्यक्ति को पकड़कर उसे ध्यानपूर्वक देखा गया तो वह उसी के गांव का रहने वाला युवक निकला। इसके बाद पीड़ित द्वारा डायल 112 के माध्यम से पुलिस बुलाकर आरोपी को उनके हवाले कर दिया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## सर्वर डाउन होने के कारण नहीं चल रहा गैस एजेंसी का पोर्टल, बन रहा परेशानी का कारण

# गैस सिलेंडर के लिए पूरा दिन लाइन में गुजार रहे लोग

**सर्वर डाउन होने के कारण पोर्टल नहीं चल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान लोग अपना पूरा समय लाइन में लग कर ही बिता रहे हैं। इसके कारण उनकी दिनचर्या पूर्णतया प्रभावित हो रही है और अन्य रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हो रही है। एजेंसी संचालकों द्वारा परेशानी का सबसे बड़ा कारण सर्वर डाउन होना बताया जा रहा है। सर्वर डाउन होने के कारण पोर्टल नहीं चल रहा। इसके कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा। कई बार बीच में पोर्टल चलने पर भी स्पीड इतनी कम है कि एक रजिस्ट्रेशन करने में ही पंद्रह से बीस मिनट का समय लग रहा है। जिसके कारण आपूर्ति में देरी हो रही है। शहर की विभिन्न सड़कों चौक चौराहों पर साइकिल व बाइक पर सिलेंडर, लकड़ियां, इंडक्शन उपकरण लोग ले जाते हुए दिखाई दे रहे है।


झज्जर। शहर के बेरी गेट क्षेत्र में गैस एजेंसी की बाहर लगी लंबी कतार। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। आरा मशीन पर लकड़ियां लेते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

### लकड़ी, गुटखे की बिक्री में दो क्विंटल तक इजाफा

सिलेंडर न मिलने के कारण लोग वैकल्पिक व्यवस्थाओं में भी जुट गए है। लोग लकड़ी, गुटखे, कोयले की जमकर खरीदारी कर रहे है। वहीं इडंक्शन आदि इलेक्ट्रिक उपकरणों की डिमांड भी बढ़ी है। आरा मशीन संचालक लोकेश ने बताया कि पहले के दिनों में उनके यहां लकड़ियों व गुटकों की पांच क्विंटल तक की बिक्री थी। घरेलू गैस बुकिंग के लिए आ रही परेशानी के कारण लोग आजकल लकड़ी व गुटके खरीद रहे हैं। जिस कारण उसकी बिक्री में डेढ़ से दो क्विंटल प्रतिदिन का इजाफा हुआ है। सुंदर मिष्ठान भंडार के संचालक पवन सैनी ने बताया कि उन्होंने गोदाम में लकड़ी के गुटकों व कोयला वाली भट्टी से मिठाई बनाने का काम किया जा रहा है। दुकान पर कर्मिशियल गैस का उपयोग केवल जलेबी बनाने में ही किया जाता है। जिसके लिए गैस सिलेंडर फिलहाल उपलब्ध है। यदि आगामी दिनों में गैस उपलब्ध होनी बंद हुई तो उन्हें केवल जलेबी बनाने में ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।


झज्जर। मेन बाजार में इंडक्शन लेकर जाती हुई युवती। फोटो : हरिभूमि

### जिले में गैस, पेट्रोल एवं डीजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले में एलपीजी, सीएनजी तथा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। एलपीजी गैस सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी को लेकर शासन-प्रशासन सतर्क है, अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। किसी प्रकार अनियमितता मिलने और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस, सीएनजी ,पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति आवश्यकता के अनुसार हो रही है। रसोई गैस की कमी नहीं है। सभी उपभोक्ताओं से प्रशासन की सलाह है कि पैनिक होकर एलपीजी बुकिंग न करें। पहले की तरह आवश्यकता होने पर ही एलपीजी खरीदें।

## किल्लत की सूचना पर सिलेंडर लेने के लिए जुट रही भीड़

**एजेंसी पर घंटों इंतजार के बावजूद नहीं मिल रही गैस, बुजुर्ग व महिलाएं ज्यादा परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर लेने के लिए इन दिनों गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति भी देखने को मिल रही है।

शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों पर महिलाओं और बुजुर्गों सहित सैकड़ों लोग लाइन में खड़े नजर आए। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, तब कहीं जाकर सिलेंडर मिल पा रहा है। सुरेंद्र सिंह, राकेश डबास, जगबीर यादव आदि ने शिकायत करते हुए बताया कि गैस की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होने के कारण लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

उपभोक्ताओं के अनुसार सुबह से ही सिलेंडर प्राप्त करने के लिए भीड़ लग जाती है। गर्मी और भीड़ के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कामकाजी लोगों और महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी मुश्किल बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और गैस एजेंसियों से मांग की है कि एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई जाए व वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। वहीं एजेंसी संचालक सुशील कुमार का कहना है कि मांग अधिक होने के कारण कुछ समय के लिए दबाव बढ़ गया है, लेकिन आपूर्ति लगभग सामान्य ही है।


बहादुरगढ़। झज्जर रोड स्थित राम गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। फोटो : हरिभूमि

**छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

## खेलकूद प्रतियोगिता में ईशा, आभा अंकिता और ज्योति ने बाजी मारी

**वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चल रही 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न एथलेटिक इवेंट्स की हिट्स के साथ कुछ मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुईं। इस दौरान छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

शुक्रवार को नींबू-चम्मच रेस, रस्सी कूद, रस्सी दौड़ तथा उल्टी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। नींबू व चम्मच दौड़ में ईशा प्रथम, आभा द्वितीय व मेघा तृतीय स्थान पर रही। रस्सी कूद में आभा प्रथम, अंकिता द्वितीय तथा लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही।

रस्सी दौड़ प्रतियोगिता में अंकिता प्रथम, ज्योति द्वितीय तथा अनुष्का तृतीय स्थान पर रही। वहीं उल्टी दौड़ में ज्योति प्रथम, आभा द्वितीय तथा इशा तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। शारीरिक शिक्षा प्रभारी सुनीता रानी ने बताया कि शनिवार को एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओं का अंतिम दिन रहेगा। इस दौरान मटकी दौड़, बोरी दौड़, थ्री लेग दौड़, 100 मीटर दौड़ फाइनल व 4 गुणा 100 रिले दौड़ फाइनल के अलावा रस्साकशी की प्रतियोगिता करवाई जाएगी।


बहादुरगढ़। रस्सी दौड़ में भाग लेती वैश्य बीएड कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### बराही में फायरिंग की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**बहादुरगढ़।** गोली चलने की कथित सूचना पर बीती रात स्थानीय पुलिस को दौड़ लगानी पड़ी। हालांकि जांच के दौरान ऐसा कुछ नहीं मिला और मामला केवल आपसी झगड़े का निकला। किसी भी पक्ष की ओर से इस संबंध में शिकायत भी नहीं दी गई है। मामला लाइनपार थाना क्षेत्र के गांव बराही का है। रात को किसी ने झगड़े के दौरान गोली चलने की सूचना पुलिस को दी थी। जिस के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया। लाइनपार थाना पुलिस सहित अधिकारी भी मौके पर जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान पुलिस ने कॉलर तथा गांव के अन्य लोगों से पूछताछ की। गोली चलने जैसी किसी तरह की पुष्टि नहीं हुई। सामने आया कि बाइक को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसी विवाद में कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। फिलहाल दोनों पक्षों की ओर से किसी भी तरह की शिकायत पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है। लाइनपार थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि रात को सूचना जरूर मिली थी लेकिन गोली चलने जैसा कुछ नहीं मिला।

## टूटे हुए बिजली मीटर बॉक्सों की सुध लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर के विभिन्न हिस्सों में खंभों पर लगे बिजली मीटर बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके चलते आवाजाही करने वालों के लिए खतरा पैदा हो रहा है। विभाग की लापरवाही के कारण बड़ी दुर्घटना घटने का अंदेशा बना हुआ है। मीटरों और उनसे निकले तारों से लोगों को नुकसान न हो इसके लिए बिजली के खंभों में बॉक्स बनाए गए थे, लेकिन अब बॉक्स पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने कहा कि ज्यादातर बॉक्स से ढक्कन तक उखड़ गए हैं। इसके कारण करंट दौड़ रहे बिजली के तार खुले में लटक रहे हैं। निगम को सभी वार्डों में सर्वे करवाकर इन टूटे बिजली मीटर बॉक्सों को जल्द से जल्द बदलवाना चाहिए। क्योंकि ये टूटे बिजली मीटर बॉक्स हादसों को न्योता दे रहे हैं। उन्होंने निगम से बिजली के खुले तारों को ठीक कर नए बॉक्स लगाने की मांग की है।


बहादुरगढ़। खंभों पर लगे क्षतिग्रस्त बिजली मीटर बॉक्स। फोटो : हरिभूमि

### जिप उप प्रधान अनिल हुड्डा पर कार्यालय में किया हमला

**रोहतक।** शुक्रवार को दूसरे दिन भी जिला विकास भवन स्थित जिला परिषद कार्यालय में घमासान मचा। जिला परिषद के उप प्रधान अनिल हुड्डा पर उनके कार्यालय में हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने कार्यालय में पहुंचकर उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। यह विवाद बीते वीरवार को जिला परिषद की बैठक में हुए झगड़े से जुड़ा बताया जा रहा है। मालूम रहे कि बृहस्पतिवार को बैठक के दौरान पार्षद धीरज मलिक और उप प्रधान अनिल हुड्डा के बीच किसी मुद्दे को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई थी।

## एनसीईआरटी की हजारों नकली किताबें जब्त

**फैक्ट्री मालिक को किया गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एआरएससी टीम ने एनसीईआरटी किताबों की नकली कॉपियां रखने वाला एक गोदाम पकड़ा है। कक्षा-1 से 12 तक की किताबों की कुल 5011 नकली कॉपियां जब्त की गई। फैक्ट्री मालिक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी शख्स का नाम अरविंद कुमार बताया गया है। गोदाम शाहबाद दौलतपुर गांव में स्थित था।

पुलिस के अनुसार एआरएससी टीम दिल्ली और एनसीआर में एनसीईआरटी किताबों की नकली कॉपियां बेचने वाले गिरोह पर नजर रखे हुए थी। 12 मार्च को एक सूचना मिली कि शाहबाद दौलतपुर गांव में स्थित एक गोदाम में एनसीईआरटी किताबों की बड़ी संख्या में नकली कॉपियां जमा करके बेची जा रही हैं। उपरोक्त सूचना के आधार पर एसआई संदीप संधू, एएसआई प्रेमपाल सिंह, हेड कांस्टेटल अनुज सिरोही, अभिनव, नवीन और इंद्रजीत की एक विशेष टीम बनाई गई। इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के मार्गदर्शन तथा एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में रेड की गई। गोदाम का मालिक अरविंद कुमार वहां मौजूद मिला। उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। अरविंद कुमार का जन्म बिहार में हुआ था और वर्ष 2003 में वह दिल्ली आया। उसके पिता अखबार बेचने का काम करते थे। उसने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से स्नातक और इग्नू से एम ए की पढ़ाई पूरी की। उसने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की, लेकिन सफल नहीं हो सका। 2022 से एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचना शुरू किया। वर्तमान में उसके पिता मधुबन चौक पर एक स्टेशनरी की दुकान चलाते हैं। वह पहले भी इसी तरह के दो मामलों में शामिल पाया गया है।

**पुलिस कर्मचारियों के बच्चों व अन्य विद्यार्थियों को भी मिलेगी सुविधा**

# पुलिस कमिश्नर ने लाइब्रेरी निर्माण कार्य का लिया जायजा, दिए निर्देश

**साफ-सफाई व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का किया निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर


झज्जर। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह।

शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, कर्मचारियों के रहने की सुविधाओं को बेहतर करने और विभिन्न व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस लाइन में बन रही लाइब्रेरी के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली।

अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही पुलिस लाइन में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। इस लाइब्रेरी के बनने से पुलिस कर्मियों के बच्चों और अन्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए और इसमें आवश्यक पुस्तकें व अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए शांत और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। इस दौरान डीसीपी मुख्यालय जसलीन कौर, डीसीपी क्राइम अमित दहिया, एसीपी अनिरुद्ध चौहान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों ने किया कॉलेज का भ्रमण

**कॉलेज में ज्ञान के साथ अनुशासन आत्मविश्वास और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की मिलती है प्रेरणा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

परनाला स्थित पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को शैक्षिक उद्देश्य से शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय का भ्रमण किया। विद्यार्थियों के साथ संस्कृत अध्यापिका मधु, अंग्रेजी अध्यापिका बरखा व स्वाति वर्मा भी मौजूद थीं।

महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा समेत तमाम प्राध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्हें बताया कि कॉलेज में ज्ञान के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रेरणा मिलती है।

अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. शालू शर्मा व गणित विभाग की स्वीटी की देखरेख में विद्यार्थियों को कॉलेज के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं तथा परिसर का भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के वातावरण को समझने का अवसर मिला। स्कूल के शिक्षकों ने महाविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।


बहादुरगढ़। कॉलेज में विभिन्न सुविधाएं देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## महराना गांव से भेड़ व बकरे चोरी

**झज्जर।** आजकल क्षेत्र में भेड़-बकरियां चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। बीते दिनों जहां सुर्खपुर गांव में प्लाट की दीवार तोड़कर भेड़ व बकरियां चुरा ली गई थीं, वहीं अब क्षेत्र के गांव महराना में भेड़-बकरे चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में महराना गांव निवासी राजेंद्र ने बताया कि वह भेड़ व बकरी पालन का कार्य करता है तथा उन्हें अपने प्लाट में बांधता है। सुबह जब उसने उठ कर देखा तो उसके प्लाट से दस भेड़ व पांच बकरे चोरी हो चुके थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एकादशी व्रत का पालन करने से मिलता है लाभ : गुलशन

**झज्जर।** चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी को पापमोचनी एकादशी कहते हैं। एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु के पूजन का विधान है। सनातन धर्म में एकादशी के व्रत को सभी व्रतों में श्रेष्ठ बताया है। यह भगवान विष्णु का प्रिय व्रत है और सुखों को प्रदान करने वाला है। इस व्रत के फल से सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि एकादशी का व्रत जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लाने वाला माना जाता है। इस व्रत का फल प्राप्त करने के लिए लोगों को भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। पापमोचनी एकादशी का अर्थ है पाप को नष्ट करने वाली एकादशी।



पंड़ित गुलशन शर्मा

## जहाजगढ़ गांव में श्री श्याम गुणगान महोत्सव कल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ में रविवार को श्री खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजक समिति सदस्य डॉ. महेश कुमार, डॉ. सुधन सोनी, नवीन शर्मा, दिनेश शर्मा, विजय शर्मा, केशव गुप्ता व सोनू ने बताया कि एक शाम सांवरिया सेठ के नाम शीर्षक से मेन बाजार में आयोजित इस श्याम गुणगान महोत्सव देर शाम करीब सवा आठ बजे शुरू होगा। महोत्सव में गायक कलाकार मथुरा निवासी कृष्ण, बलराम महाराज, मनीष कौशिक, नरेश वर्मा, मुस्कान दीक्षित द्वारा भजनों के माध्यम से श्री श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### नगर परिषद की जुर्माना लगाने की चेतावनी भी नहीं आ रही काम

# डायवर्सन मार्ग बने कूड़ा डंपिंग प्वाइंट, आमजन हो रहे परेशान





झज्जर। सांपला मार्ग से बहादुरगढ़ डायवर्सन मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर। फोटो : हरिभूमि

## कूड़े के ढेरों पर आवारा पशुओं के बैठने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के डायवर्सन मार्ग खुलेआम डंपिंग प्वाइंट में तब्दील हो रहे हैं। जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डायवर्सन मार्गों के किनारे घरेलू कचरा, प्लास्टिक की थैलियां, निर्माण कार्यों में निकला मलबा भी पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मार्गों से गुजरते समय दुर्गंध के कारण सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है। कूड़े के ढेरों पर आवारा पशु बैठे रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद कूड़ा गिराने वालों के खिलाफ अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। नगर परिषद द्वारा कूड़ा डालने पर प्रतिबंध और जुर्माने के प्रावधान होने के बावजूद लोग बेखौफ होकर कचरा डाल रहे हैं। जिसके कारण आमजन में रोष भी बना हुआ है। स्थानीय निवासी आजाद सिंह, जयभगवान, कृष्ण सैनी आदि ने कहा कि नगर परिषद जल्द से जल्द इन डायवर्सन मार्गों की नियमित सफाई कराए, कूड़ा फेंकने वालों की पहचान के लिए सीसीटीवी लगाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**काटे जा रहे चालान**

नप के सफाई निरीक्षक आनंद मलिक ने कहा कि कूड़ा डालने वालों के चालान किए जा रहे है। डायवर्सन मार्ग की सफाई जल्द करवा दी जाएगी और निरंतर मॉनीटरिंग के लिए भी टीमों का गठन किया जाएगा।

# कठिन शब्द लेखन स्पर्धा में संगीता रही प्रथम



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

- राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में शुक्रवार को अंतः कक्षीय कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ महाविद्यालय में आयोजित होने वाली सभी साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर सीमा कुंडू ने बताया कि कठिन शब्द लेखन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की संगीता ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष से तमन्ना ने द्वितीय व बीए द्वितीय वर्ष से अंजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा बीए प्रथम वर्ष की रीतिका व साहिल को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। सभी विजेताओं प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉक्टर अनिल कुमारी, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर अजय कुमार, डॉक्टर सजनी, डॉक्टर भाग्यश्री, निधिबाई, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर रविप्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# मंदिर के साथ लगते तालाब की सफाई के दिए निर्देश

- माता भीमेश्वरी देवी मेले की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की मीटिंग
- 24 से 26 मार्च को मुख्य मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में लगने वाले चैत्र मेले को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। देवी मेला के दौरान बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस बार 19 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ होंगे तथा 24 से 26 मार्च को मुख्य मेला होने के कारण भारी संख्या में श्रद्धालु मेले में उमड़ने का अनुमान है। उन्होंने मेले में रिकवरी वैन, हेल्थ सेंटर, फायर ब्रिगेड, वाटर टैंकर, स्वच्छता, रेडक्रास वालंटियर, चढ़ावे व प्रसाद की व्यवस्था, पार्किंग सुविधा को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मेला परिसर में जरूरत अनुसार बैरिकेडिंग करने और नपा अधिकारियों को मंदिर के साथ लगते तालाब की साफ सफाई कराने और मेला परिसर को साफ सुथरा बनाने के निर्देश दिए। मेला परिसर में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों के पहचान पत्र, पार्किंग, सुरक्षा, पीने के पानी, रात्रि के समय रोशनी के इंतजाम, स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्थाई शौचालय, सीसीटीवी, माइक सर्विस, अग्निशमन सेवाएं आदि इंतजामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के सत्यापन की अंतिम तिथि 28 अप्रैल

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के सत्यापन कार्य में तेजी लाई जाए ताकि पात्र विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं के सत्यापन व प्रोसेसिंग की समय सीमा बढ़ाकर आगामी 28 अप्रैल निर्धारित की गई है।

## जेईई मेंस में सफल विद्यार्थियों की विजय परेड आज

**झज्जर।** पेस आईआईटी एंड मेडिकल संस्थान द्वारा शनिवार को आईआईटी जेईई मेंस के परिणामों में उत्कृष्ट परसेंटाइल हासिल करने वाले विद्यार्थियों की विजय परेड निकाली जाएगी। पेस ग्रुप के निदेशक जय विकास ने बताया कि संस्थान के तीन विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक, तीन ने 98 से अधिक तथा तीन अन्य विद्यार्थियों ने 97 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इनमें छात्र रुपेश ने 99.4 परसेंटाइल के साथ लड़कों में टॉप किया, वहीं महक ने 98.7 परसेंटाइल प्राप्त कर लड़कियों में टॉप किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित चावला शिरकत करेंगे।

# सोलधा स्कूल में लगेगा ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम



बहादुरगढ़। सोलधा स्कूल में पहुंची संस्थान की टीम का स्वागत करती प्रिंसिपल।

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा में स्थित शहीद रामफल काजला राजकीय माध्यमिक विद्यालय में शहरी मौसम प्रणाली को समझने और सटीक आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इसे लेकर एक टीम स्कूल पहुंची और ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम को लेकर पूरी जानकारी सांझा की।

यह पहल भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के तहत चलाई जा रही परियोजना का हिस्सा है। इस परियोजना के अंतर्गत दिल्ली-एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में कुल 185 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन लगाए जा रहे हैं। स्कूल प्राचार्या सुशीला सांगवान ने बताया कि स्कूल में ऑटोमैटिक वेदर सिस्टम लगाए जाने को लेकर आईआईएमटी पुणे के साथ एमओयू हुआ हैं। स्कूल परिसर में ऑटोमैटिक वेदर सिस्टम लगाए जाने के बाद मौसम से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम से तापमान, आर्द्रता, वर्षा की मात्रा, हवा की गति और दिशा के साथ-साथ वायुमंडलीय दबाव जैसी जानकारी रिकॉर्ड की जा सकेगी। विद्यालय में इस प्रकार की आधुनिक तकनीक लगने से विद्यार्थियों को भी मौसम विज्ञान और वैज्ञानिक उपकरणों के बारे में सीखने का अवसर मिलेगा। इससे बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे व्यावहारिक रूप से मौसम संबंधी प्रक्रियाओं को समझ सकेंगे।

# बार काउंसिल चुनाव को लेकर झज्जर में दो और बहादुरगढ़ में बनाया एक मतदान केंद्र

- उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बार काउंसिल चुनाव को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्य सचिव कार्यालय ने वीसी के माध्यम से सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। वीसी उपरांत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा के चुनाव 18 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव के लिए जिला न्यायालय परिसर झज्जर में दो तथा बहादुरगढ़ न्यायालय परिसर में एक सहित कुल तीन मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों, बैलेट बॉक्स और चुनाव सामग्री की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। साथ ही 16 मार्च को चुनाव सामग्री चंडीगढ़ से लाने तथा मतदान के बाद 18 मार्च को सील्ड बैलेट बॉक्स पुनः चंडीगढ़ में जमा करवाने के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## डीसी ने समाधान की एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए अधिकारियों को इसकी गंभीरता को समझते हुए हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का गंभीरता से समाधान किया जाए और किसी भी स्तर पर उसे लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि समाधान की एक्शन टेकन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। वहीं सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि अब तक समाधान शिविरों में प्राप्त कुल 5709 शिकायतों में से केवल 160 पेंडिंग है।

# गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो फैक्ट्री कर्मी घायल

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-4बी के निकट बाइक सवार दो फैक्ट्री कर्मी बोलेरो गाड़ी की चपेट में आ गए। काफी दूर तक गाड़ी उन्हें घसीटती ले गई। एक कर्मचारी को गंभीर चोट आई, जिसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। सेक्टर 16 चौकी पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में विकास नगर निवासी हरीश ने कहा है कि वह कसार में स्थित एक कंपनी में बतौर वेल्डर कार्य करता है। गत 11 मार्च की शाम को छुट्टी के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए चल दिया। बाइक पर पीछे सहकर्मी सुरेश बैठा था। जब रिलेक्सो कंपनी के निकट पहुंचे तो वहां एक लाल रंग की बोलेरो गाड़ी खड़ी की थी। एकाएक चालक ने बोलेरो गाड़ी रफ्तार के साथ मोड़ दी। टक्कर मारने के बाद गाड़ी हमें दूर तक घसीटती ले गई। राहगीरों और आरोपी गाड़ी चालक ने हमें संभाला तथा नागरिक अस्पताल में भर्ती कराए। सुरेश को कम चोट थी लेकिन गंभीर हालत के कारण मुझे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। बाद में सुरेश से पता चला कि आरोपी गाड़ी चालक अस्पताल से फरार हो गया। उधर, गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है। चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## विद्यार्थियों को बताया 6जी टेक्नोलॉजी व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व




*झज्जर। गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में शुक्रवार को इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन इनोवेशन इन कंप्यूटिंग, इंजीनियरिंग एंड मल्टीडिसीप्लीनरी टेक्नोलॉजीज का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य कंप्यूटिंग, इंजीनियरिंग तथा बहुविषयक तकनीकों के क्षेत्र में हो रहे नवीन शोध और नवाचारों को साझा करने के लिए मंच प्रदान करना रहा। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार से सीनियर प्रोफेसर योगेश छाबा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को 6जी टेक्नोलॉजी व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग के महत्व बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मेलन शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को नए विचारों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे तकनीकी विकास को गति मिलती है। कोर्डिनेटर प्रोफेसर अनिल कुमार ने बताया की इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में देश-विदेश से कुल 125 शोध पत्र प्राप्त हुए जिनमें से चयनित 76 उत्कृष्ट शोध पत्रों को सम्मेलन की कार्यवाही में प्रकाशित किया गया। गंगा ग्रुप के चेयरमैन सुशील गुप्ता ने सम्मेलन को ज्ञानवर्धक बताते हुए ऐसे आयोजनों को शोध और नवाचार के लिए उपयोगी बताया। संस्थान निदेशक प्रोफेसर अमन अग्रवाल ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही।*

# छारा में मकान में घुसकर किसान को डंडों से पीटा

- पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा में मकान में घुसकर एक व्यक्ति को डंडों से पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव के ही दो लोगों पर यह आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात रामनिवास के साथ हुई है। छारा के निवासी रामनिवास का कहना है कि कुछ दिन पहले गांव के निवासी श्रवण व अमन ने दुकान को लेकर मेरे साथ हाथापाई की थी। गांव का मामला होने के चलते मैंने इस बात का जिक्र किसी ने नहीं किया। फिर दो दिन बाद रात करीब दस बजे जब अपने घर में सो रहा था तो श्रवण ने लात मारकर दरवाजा खोल दिया। फिर उसने मुझे पकड़ लिया और अमन ने दरवाजा बंद कर दिया। डंडों से दोनों ने हमला कर दिया। बेहोश होने तक पीटत रहे। मारपीट के बाद बाहर से दरवाजे की कुंडी लगाकर चले गए। अगली सुबह जब पत्नी पशुओं को चारा डालने आई तो दरवाजा खोला गया। फिर मैंने उसको आपबीती सुनाई। इस संबंध में दोनों आरोपियों के घर वाले बुलाए गए। इसके बावजूद दोनों ने जान से मारने की धमकी दी।

### विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीमवर्क, सेवा भावना और नेतृत्व से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया

# स्काउट्स एंड गाइड्स कैंप में भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## विद्यार्थियों को स्काउटिंग और गाइडिंग के महत्व से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- प्राचार्य डॉक्टर मनजीत कुमार ने प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के विद्यार्थियों को उनके प्रथम कैंप में सफल भागीदारी के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। बीती 5 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित इस कैंप में विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीमवर्क, सेवा भावना और नेतृत्व से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। समारोह में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की ओर से उमंग गिल और आशीष तेहरान ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग और गाइडिंग के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें समाज सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी की



भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एडवोकेट शरद राव ने विद्यार्थियों से कहा कि स्काउट्स और गाइड्स जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाती हैं। प्राचार्य डॉक्टर मनजीत कुमार ने प्रमाण-पत्र हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, जल्द न्याय मिलेगा



**झज्जर।** शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विभिन्न प्रकार के मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटारा करवाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से शीघ्र समाधान तक पहुंचाना है, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो सके तथा न्याय प्रक्रिया को सरल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम से जुड़े मामले, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विभाग से संबंधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल तथा राजस्व से जुड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा।

### 7.26 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा दो ने स्मैक सहित एक आरोपी को काबू किया है। गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ढैया बस्ती वाले रोड पर फायर ब्रिगेड आफिस के निकट आरोपी अपनी कार में बैठा था। आरोपी की पहचान पुष्पेंद्र के रूप में हुई है। उसके पास से 7.26 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

### सैनिक नगर में घर के बाहर से गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** सैनिक नगर से एक कार चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। सोनीपत की राजीव गांधी कॉलोनी के निवासी रवींद्र का कहना है कि किसी काम के सिलसिले में वह यहां सैनिक नगर आया था। गली नंबर छह में गाड़ी खड़ी की थी। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। उसकी शिकायत पर सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 4 किलो 800 ग्राम गांजे सहित युवक पकड़ा

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चार किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। सूचना मिली थी कि दुल्हेड़ा निवासी राम गांजा बेचता है और फिलहाल इसी मंशा के साथ वह फिरनी पर मौजूद है। इस पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली गई। इस दौरान उसके पास एक पॉलीथिन मिली, जिसमें चार किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## बरसात के मौसम में अब सड़कों पर पानी भरने की समस्या से मिलेगी निजात, बनाई पूरी योजना

# जलभराव से निपटने के लिए साढ़े 66 करोड़ रुपये से विकसित होगा अर्बन ड्रेनेज सिस्टम

**बहादुरगढ़ शहर में योजना पर 42 करोड़ और झज्जर में साढ़े 24 करोड़ खर्च का अनुमान**

रवींद्र राठी ▶▶| बहादुरगढ़

बरसात के मौसम में शहर के विभिन्न हिस्सों के अलावा झज्जर में भी कई स्थानों पर जलभराव की समस्या से हालात विकट हो जाते हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए हरियाणा सरकार ने झज्जर-बहादुरगढ़ में साढ़े 66 करोड़ रुपए से अर्बन ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत निचले इलाकों में स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज की व्यवस्था की जाएगी, ताकि वर्षा का पानी तेजी से निकल सके और सड़कों व कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति न बने।

बता दें कि मुख्यमंत्री के बजट अनाउंसमेंट कोड-72 (इंप्लीमेंटेशन ऑफ अर्बन ड्रेनेज इन यूएलबी) के अंतर्गत डीएमसी ने 13 फरवरी को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक को स्वीकृति के लिए एस्टीमेट भेजा था। बहादुरगढ़ के लो लाइन एरिया में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज उपलब्ध करवाने के लिए 42 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया गया है। बहादुरगढ़ में इसके तहत सेक्टर-6, 2 व 7 के अलावा रोहतक रोड से लाइनपार के अंतिम छोर के क्षेत्र को कवर किया गया है। झज्जर के लो लाइन एरिया में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज उपलब्ध करवाने के लिए 24 करोड़ 52 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाया गया है। गुरुग्राम की टोपो वर्ल्ड सिस्टम ने यह एस्टीमेट बनाए हैं। इस परियोजना के तहत आधुनिक ड्रेनेज लाइनों के साथ ही आवश्यक संरचनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे बरसात के दौरान पानी जमा होने की समस्या में काफी कमी आएगी।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में बरसाती पानी जमा होने पर इस तरह बनते हैं हालात।

### निचले इलाकों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के लिए सरकार के पास भेजा प्रस्ताव : एडीसी



डीएमसी का कार्यभार संभाल रहे अतिरिक्त उपायुक्त जगनिवास ने बताया कि बहादुरगढ़ के निचले इलाकों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज उपलब्ध करवाने के लिए 42 करोड़ और झज्जर के लिए 24 करोड़ 52 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इससे बहादुरगढ़ और झज्जर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या लगभग खत्म हो जाएगी।

### मिलेगी बड़ी राहतः राठी



बहादुरगढ़ नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी का कहना है कि हर वर्ष बारिश के समय कई कॉलोनियों, मुख्य सड़कों और बाजारों में पानी भर जाता है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी के साथ-साथ गंदगी और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में अर्बन ड्रेनेज सिस्टम विकसित होने से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।



बहादुरगढ़ नप के सचिव प्रवीण छिकारा के अनुसार योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना है। प्रशासकीय स्वीकृति के लिए एस्टीमेट भेजे गए हैं। बहादुरगढ़ में 29 किलोमीटर तथा झज्जर में 10 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन डाली जाएगी।

### बहादुरगढ़ में 29140 मीटर पाइप डालेंगे

बहादुरगढ़ की बात करें तो कुल 29 हजार 140 मीटर पाइप डालने की योजना है। इसमें 500 एमएम व्यास के 2680 मीटर, 600 एमएम व्यास के 8425 मीटर, 700 एमएम व्यास के 5255 मीटर, 800 एमएम व्यास के 1375 मीटर, 900 एमएम व्यास के 8870 मीटर, 1200 एमएम व्यास के 1035 मीटर और 1800 एमएम व्यास के 1500 मीटर पाइप का इस्तेमाल होगा। ड्रेन पाइप डालने की लागत 28 करोड़ 18 लाख, मेन होल राइजिंग की लागत 2 करोड़ 35 लाख, डिस्पोजल पर 3 करोड़ 15 लाख तथा पंपिंग मशीनरी पर एक करोड़ 53 लाख रुपए की लागत आने का आने का अनुमान है।



बहादुरगढ़। बरसात में सेक्टर-6 की सड़कों पर यूं भरता है पानी।

### झज्जर में 10650 मीटर पाइप बिछाएंगे

झज्जर की बात करें तो कुल 10 हजार 650 मीटर पाइप डालने की योजना है। इसमें 500 एमएम व्यास के 1840 मीटर, 600 एमएम व्यास के 3460 मीटर, 700 एमएम व्यास के 1890 मीटर, 800 एमएम व्यास के 345 मीटर, 900 एमएम व्यास के 1080 मीटर, 1200 एमएम व्यास के 1495 मीटर और 1400 एमएम व्यास के 540 मीटर पाइप का इस्तेमाल होगा। ड्रेन पाइप की लागत 9 करोड़ 79 लाख, मेन होल राइजिंग की लागत 6 करोड़, डिस्पोजल पर एक करोड़ 32 लाख, पंपिंग मशीनरी पर 2 करोड़ तथा पुरानी ड्रेन डिस्मेंटलिंग पर एक करोड़ 37 लाख रुपए की लागत आने का आने का अनुमान है।

## दंपति सुसाइड केस : एक ही चिता पर हुआ दोनों का संस्कार

- पति और पत्नी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ट्रेन से कटकर दी थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को ट्रेन के आगे लेटकर दंपति द्वारा आत्महत्या करने के मामले में रेलवे पुलिस द्वारा शुक्रवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया। रेलवे पुलिस के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर एत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। दोपहर बाद गांव जौंधी में गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। खास बात यह रही कि दोनों का एक ही चिता पर संस्कार किया गया है।

बता दें कि वीरवार दोपहर बाद शहर और आसपास क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई थी, जब होमगार्ड के जवान ने अपनी पत्नी को गले लगाते हुए ट्रेन के आगे लेट कर आत्महत्या कर ली थी। मामले की सूचना मिलने पर काफी संख्या में लोग और राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए थे। आनन फानन में सूचना स्थानीय पुलिस और बाद में जीआरपी को दी गई थी। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए थे। बाद में शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया गया था। मृतकों की पहचान जौंधी गांव निवासी सुनील कुमार व हिमांशी के तौर पर की गई थी।

### किडनी खराब होने से हिमांशी थी परेशान





बताया जा रहा है कि हिमांशी किडनी खराब होने की बीमारी से परेशान थी। जिसका रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा था। परिजनों के अनुसार दो तीन दिन पहले हिमांशी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। जिसकी एक छोटी बच्ची भी है। करीब ढाई वर्ष पूर्व हिमांशी की शादी सुनील के साथ हुई थी। फिलवक्त सुनील होमगार्ड में बतौर सिपाही तैनात था।

**जसौर खेड़ी से कुलासी तक निर्मित सड़क मार्ग पर उठे सवाल**

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर एसडीएम ने किया दौरा, सड़क की सैंपलिंग करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसडीएम अभिनव सिवाच ने लोक निर्माण विभाग द्वारा जसौर खेड़ी से कुलासी तक निर्मित सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए मौके पर ही सैंपलिंग करवाई और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बता दें कि इस सड़क का निर्माण कार्य 26 दिसंबर से शुरू हुआ था और पूरा कार्य होने के बाद इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता की कमी की शिकायत मिल रही थी। एसडीएम अभिनव सिवाच ने निरीक्षण के दौरान सड़क की मोटाई, सामग्री की गुणवत्ता तथा निर्माण कार्य की तकनीकी मानकों के अनुरूपता की जांच करवाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों पर खर्च की जा रही सार्वजनिक धनराशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या मानकों से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में प्रयोग की गई सामग्री के सैंपल को प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाए, ताकि गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या कमी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों की भी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।



बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी से कुलासी सड़क मार्ग का निरीक्षण करते एसडीएम।

## पिस्तौल के बल पर मारपीट कर तीन लाख 71 हजार लूटे

- माल उतारने के बाद पेमेंट लेकर लौट रहे थे ड्राइवर और कंडक्टर
- बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर गांव दुल्हेड़ा में लूटपाट की वारदात हो गई। बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर मारपीट कर मालवाहक गाड़ी के चालक-कंडक्टर से तीन लाख 71 हजार 600 रुपये लूट लिए। फिलहाल शिकायत के आधार पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले में विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

वारदात निजामपुर दिल्ली निवासी विक्की के साथ हुई है। विक्की का कहना है कि वह पिछले करीब छह महीने से नांगलोई में स्थित एसएएम ट्रेडर्स कंपनी में ड्राइवरी कर रहा है। गत 11 मार्च को वह नांगलोई से कंडक्टर सोनू के साथ अपनी गाड़ी टाटा एस को लेकर डिटर्जेंट पाउडर व साबुन आदि माल की सप्लाई देने के लिए चला। शाम करीब साढ़े चार बजे झज्जर में स्थित रवि स्टोर पर समान उतार दिया। वहां से सोनू ने माल के दो लाख 21 हजार 600 लेकर मुझे दिए। मैंने वे रुपये ड्राइविंग सीट के पीछे रख दिए। इसके बाद पांच बजे झज्जर में ही राम स्टोर पर सामान उतारने के लिए पहुंचे। वहां से डेढ़ लाख की पेमेंट मिली। उन रुपयों को भी हमने बैग में रख दिया। इसके बाद हम घर के लिए चल दिए।

जब झज्जर-बहादुरगढ़ रोड मार्ग पर दुल्हेड़ा गांव में जगन्नाथ यूनिवर्सिटी के निकट पहुंचे तो बराबर से एक बाइक गुजरी। उसे पर तीन युवक सवार थे। दो युवकों ने हेलमेट तो तीसरे ने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा बांधा हुआ था। उन्होंने गाड़ी रोकने का इशारा किया और बाइक आगे अड़ा दी। इस वजह से मुझे गाड़ी रोकनी पड़ी। गाड़ी रुकते ही तीनों हमारे पास आए। खिड़की खोलकर एक ने पिस्टल मेरे पेट पर अड़ा दी तो दूसरे ने सोनू के मुंह पर थप्पड़ मारा। फिर वे तीनों गाड़ी में रखे ती लाख 71 हजार 600 रुपये पिस्टल के बल पर लूट कर ले गए। जाते-जाते हमें जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। बयान के आधार पर पुलिस ने मारपीट, लूटपाट, सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त जारी, 74667 खातों में पहुंची राशि

**झज्जर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम-किसान योजना के तहत 22वीं किस्त जारी होने पर जिले के किसानों को बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी, असम से आयोजित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के दौरान देशभर के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि सीधे ट्रांसफर की। जिला भर में किसानों ने जिला और ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लाइव संबोधन सुना। जिला स्तर पर लाइव प्रसारण बादली रोड स्थित किसान विज्ञान केंद्र में सुना गया। उप निदेशक कृषि जितेंद्र अहलावत ने बताया कि पीएम-किसान की 22वीं किस्त के अंतर्गत जिले के 74 हजार 667 किसानों के खातों में 15 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है।

## गांव नूना माजरा में थ्री-व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल

**बहादुरगढ़।** झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर गांव नूना माजरा में ऑटो और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक सवार शिक्षक घायल हो गए। उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल की पहचान राकेश कुमार के रूप में हुई है। वह नूना माजरा में शिक्षक हैं। जानकारी के अनुसार, स्कूल से छुट्टी के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर के लिए चले। स्कूल से करीब 500 मीटर आगे बढ़े ही थे कि सामने से आ रहे एक ऑटो ने उनको टक्कर मार दी। इसके बाद ऑटो एक बस से भी टकरा गया। स्कूल के अन्य शिक्षकों ने राकेश कुमार को संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां से परिजनों ने उनको एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस दिल्ली गई और उनके बयान लिए। बयान के बाद अब ऑटो चालक पर केस दर्ज हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आर्य समाज के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ आज

**झज्जर।** आर्य समाज द्वारा शहर के वैदिक कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत की जाएगी। शनिवार को वार्षिकोत्सव की शुरुआत प्रातः आठ बजे हवन कार्यक्रम के साथ की जाएगी। यज्ञ के ब्रह्मा ब्रह्मचारी इंद्रजीत रहेंगे। नौ बजे उपरांत शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा तथा सायं सात बजे से रात दस बजे तक होने वाले भजन व प्रवचन कार्यक्रम में आर्य प्रतिनिधि सभा दिल्ली से विनय आर्य, गुरुग्राम से हर्षप्रिय आर्य व आचार्य शतक्रतु मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। भजनोपदेशक विवेक पथिक द्वारा भजनों के माध्यम से आर्य समाज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इसी प्रकार दूसरे दिन आठ बजे से नौ बजे तक हवन, नौ बजे से दोपहर एक बजे तक तथा दोपहर बाद तीन बजे से सायं छह बजे तक भजन एवं प्रवचन कार्यक्रम में संस्कार जागृति मिशन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना प्रिय, आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री पानीपत मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

**सेक्टर-4बी में स्थित फुटवियर कलस्टर में विचार गोष्ठी**

## कच्चे व तैयार माल की कीमतों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-4बी में स्थित फुटवियर कलस्टर में उद्यमियों की विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में उद्यमियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान कच्चे माल के बाजार में लगातार हो रहे रेट्स के उतार-चढ़ाव तथा तैयार माल की कीमतों को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। फुटवियर एसोसिएशन के प्रधान राजकुमार गुप्ता व बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा ने सांसद प्रवीण खंडेलवाल तथा सीएआईटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल त्यागी का स्वागत-सम्मान किया। बैठक में उद्यमियों ने धारा 43बी (एच) के अंतर्गत 45 दिनों में भुगतान के नियमों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि पोर्ट पर बाहर से आने वाले माल को शीघ्र क्लियर कराया जाए। साथ ही जीएसटी रिफंड को भी शीघ्र जारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि उस धनराशि का व्यवसाय में पुनः उपयोग किया जा सके। बैठक में सीएआईटी महासचिव एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल तथा सीएआईटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल त्यागी ने उद्यमियों का मार्गदर्शन किया। सांसद खंडेलवाल ने कहा कि देश और प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा व सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। केंद्र और प्रदेश सरकार व्यापारियों के लिए मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया जा रहा है।



बहादुरगढ़। सांसद प्रवीण खंडेलवाल का सम्मान करते राजकुमार व सुभाष जग्गा।

DURGA SR. SEC. SCHOOL
MEHRANA (JHAJJAR)
REQUIREMENT
WE ARE HIRING FOR 2026-27
- PGT- Chemistry, Physics, Biology, Mathematics, English, History, Pol. Science, Commerce (Account & Business)
- TGT- All Subjects
- PRT- All Subjects (English Medium)
- Mother Teacher • Sports Coach
- Art & Craft Teacher • Dance Teacher
WALK IN INTERVIEW
Between 10:00 am to 2:00 pm in School Premises.
For Details Contact No.
Mr. Dayanand- 9813073523
Mr. Ashok Kumar- 9812320855